संख्या–cm-254
06/05/2021

मुख्यमंत्री ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष चौधरी अजीत सिंह के निधन पर गहरी शोक संवदेना व्यक्त की

पटना, 06 मई 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष चौधरी अजीत सिंह के निधन पर शोक और गहरी संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि चौधरी अजीत सिंह ने केन्द्र सरकार में कई अहम मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभाली थी। वे हमेशा किसानों के हित में समर्पित रहे थे। भारतीय राजनीति में उनके योगदान को हमेशा याद किया जायेगा। उनका निधन दुखद है। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******